वर्ष 29 अंक 53
पृष्ठ 24+4 =28
बरेली, शनिवार
4 नवंबर 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

PAGE NO. 11, MIDDLE TOP

एसआरएमएस में विद्यार्थियों ने हुनर का प्रदर्शन किया

बरेली : एसआरएमएस में चल रही दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता आमोद - 2017 व सांस्कृतिक कार्यक्रम -जेस्ट-2017 का शुक्रवार को समापन हुआ। इसमें विद्यार्थियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में फैशन शो एवं स्ट्रीट प्ले मुख्य आकर्षक का केंद्र रहे। फैशन शो में जिन्दगी के विविध रंगों का प्रदर्शन किया। स्ट्रीट प्ले ने विविध कुरीतियों पर प्रहार किया। वहीं, खेल प्रतियोगिताओं में टीटी, खो-खो, फुटबॉल, शतरंज, कैरम, बासकेट बॉल आदि में खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपना दम दिखाया। इस दौरान चेयरमैन देवमूर्ति, ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति ने विजेता, उपविजेता तथा प्रतिभागी टीमों को शानदार प्रदर्शन पर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, ट्रस्ट प्रशासक ई. सुभाष मेहरा, डीन शैक्षणिक डॉ. प्रभाकर गुप्ता, निदेशक फार्मेसी डॉ. ललित सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर (सीईटी) संतोष खरे सहित विभिन्न विभागाध्यक्ष रहे।